# कांगो लोकतांत्रकि गणराज्य (DRC) में संघर्ष

**स्रोत: द हिंदू**

हाल ही में **कांगो लोकतांत्रकि गणराज्य** के पूर्वी क्षेत्र में हुई संघर्ष की घटनाएँ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंता का विषय बन गई हैं जिससे संबद्ध क्षेत्र में पहले से ही गंभीर **मानवीय स्थिति** और प्रभावित हुई है।

- **उत्तरी किवु प्रांत में गोमा** के समीप **कांगो की सेना** और **रवांडा द्वारा समर्थित M23 समूह** के बीच हुए संघर्ष के कारण कई मौतें हुईं तथा हज़ारों लोग विस्थापित हुए।

## परिचय:

- DRC **अफ्रीका का दूसरा** और विश्व का 11वाँ **सबसे बड़ा देश** है।
- इसकी एक छोटी-सी तटरेखा अटलांटिक महासागर के साथ लगती है। DRC के **उत्तर में मध्य अफ्रीकी गणराज्य** और **दक्षिण में सूडान** स्थित है तथा साथ ही इसके **पूर्व में युगांडा, रवांडा, बुरुंडी एवं तंज़ानिया** व **दक्षिण-पूर्व में ज़ाम्बिया** और **दक्षिण पश्चिम में अंगोला** स्थित है।
    - DRC की राजधानी **किंशासा** है जो **कांगो नदी के तट पर स्थित** है। यह अफ्रीका में **भूमध्य रेखा को दो बार पार करने वाली** एकमात्र नदी है।
- इसकी आधिकारिक भाषा **फ्रेंच** है किंतु यहाँ अन्य भाषाएँ बोली जाती हैं जिनमें **किंतुबा, लिंगाला, स्वाहिली और शिलुबा (Tshiluba)** शामिल हैं।
- **कटंगा पठार** एक समृद्ध खनन क्षेत्र है जिससे कोबाल्ट, ताँबा, टिन, रेडियम, यूरेनियम और हीरे की आपूर्ति की जाती है।




---

## कैमरा दिखाएगा जानवर किस प्रकार दुनिया को देखते हैं

[स्रोत: द हिंदू]

हाल ही में अमेरिका में शोधकर्त्ताओं ने **जानवर किस तरह दुनिया को देखते हैं, इसके लिये कैमरा** विकसित किया है।

- प्रकाश के प्रति प्रतिक्रिया करने वाली विशेष कोशिकाएँ, जिन्हें **फोटोरिसेप्टर** कहा जाता है, प्रत्येक जानवर के लिये अद्वितीय होती हैं। जबकि **मनुष्य की आँखें दृश्य सीमा (380 और 700 नैनोमीटर (nm) के बीच) में प्रकाश की केवल तरंग दैर्ध्य का पता लगा** सकती हैं, **मधुमक्खियाँ और कई पक्षी पराबैंगनी प्रकाश (10-400 nm)** को भी देख सकते हैं।
- जानवर अपने शिकारियों को डराने, साथियों को लुभाने या खुद को छुपाने हेतु रंगों का इस्तेमाल करते हैं। इसलिये रंगों में भिन्नता का पता लगाना किसी जानवर के अस्तित्व के लिये आवश्यक है।
- जानवरों ने अत्यधिक संवेदनशील फोटोरिसेप्टर विकसित कर लिये हैं जो पराबैंगनी और अवरक्त तरंग दैर्ध्य के प्रकाश का पता लगा सकते हैं।




---

## अभ्यास भारत शक्ति

**स्रोत: द हिंदू**

भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए, राजस्थान के पोखरण में **"भारत शक्ति"** नामक एक **त्रि-सेवा लाइव फायर और युद्धाभ्यास** आयोजित किया जा रहा है।

- इसमें उन्नत **MIRV तकनीक** के साथ लंबी दूरी की **अग्नि मिसाइल** का सफल परीक्षण शामिल था।
- अभ्यास में प्रदर्शित प्रमुख उपकरण और हथियार प्रणालियों में **T-90 (IM) टैंक**, धनुष तथा सारंग गन सिस्टम, **आकाश हथियार प्रणाली**, लॉजिस्टिक्स ड्रोन, रोबोटिक म्यूल्स, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (ALH), नौसेना एंटी-शिप मिसाइल, **हल्के लड़ाकू विमान तेजस**, लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर एवं उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर शामिल हैं।
    - हालाँकि, **LCA तेजस फाइटर जेट** **एक प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान दुखद रूप से दुर्घटनाग्रस्त** हो गया।

**और पढ़ें:** **अभ्यास कवच**

---

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/19-03-2024/print